हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 5 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 22.3 डिग्री

10 तीन दिन से लापता था युवक, गांव के लोगों पर ...



11 अधिकारी समाधान शिविर की लंबित शिकायतों ...




## खबर संक्षेप

### इंटीग्रेटेड टीचर प्रोग्राम में अब 12 तक आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के शिक्षा विभाग में संचालित चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 12 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत संचालित यह चार वर्षीय कोर्स बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड की डिग्री एक साथ प्रदान करता है। कुलसचिव ने बताया कि छात्रों की मांग के चलते शिक्षा विभाग में संचालित चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम में दाखिले की अंतिम तिथि को बढ़ाया गया है।

### पात्र खिलाड़ी विभाग के पोर्टल से करें आवेदन

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि खेल विभाग द्वारा गत 1 अप्रैल 2024 तथा इसके बाद की खेल उपलब्धियों के आधार पर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कार तथा राज्य-राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए छात्रवृति के आवेदन पत्र ऑनलाइन आमंत्रित किए गए है। पात्र खिलाड़ी अपने आवेदन विभाग के पोर्टल के माध्यम से संबंधित जिला के खेल अधिकारी को आवेदन करें। विभाग के पोर्टल पर कैश अवार्ड मैनेजमेंट सिस्टम (सीएएमएस) के तहत आवेदन करें। ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने की कोई अंतिम तिथि नहीं है।

### अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाला आरोपी धरा

**रोहतक।** सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 3 मई को सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने गश्त के दौरान आईएमटी एरिया से युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत थाना आईएमटी में केस दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी से गहनता से पूछताछ की गई। जांच के दौरान 03 जुलाई को आरोपी मोहित को हथियार उपलब्ध करवाने वाले आरोपी शंकर उर्फ बिहारी निवासी दिल्ली हाल दुबल्धन जिला झज्जर को गिरफ्तार किया गया है।

### 9 को किसान-मजदूर सड़कों पर उतरेंगे

**रोहतक।** 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए किसान सभा प्रदेश भर में विरोध कार्यवाहियों को अंजाम देते हुए सरकार के खेती विरोधी निर्णयों के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी। अगर भारत सरकार अमेरिका के दबाव में कृषि क्षेत्र में मुक्त व्यापार समझौते करेंगी तो देश भर में भाजपा का विरोध किया जाएगा। उक्त जानकारी शुक्रवार को किसान सभा नेताओं ने दी। सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।

### सभी प्रमुख चौक-चौराहे, मुख्य मार्गों पर जलभराव, निकलने में लगे घंटों

# दो घंटे में 58 एमएम बारिश से शहर पानी-पानी

- नालों की सफाई के दावों पर खड़े हो रहे सवाल
- निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा ने टीम के साथ कई एरिया का दौरा कर जल निकासी के प्रबंध करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में शुक्रवार को हुई बरसात ने प्रशासन की पोल खोल कर रख दी। किला रोड, गोहाना अड्डा, सुभाष रोड, कैनाल रेस्ट हाउस, गांधी कैंप, गोहाना रोड टीबी अस्पताल के पास, सोनीपत रोड, रेडियो स्टेशन, नया बस स्टैंड, सैनी स्कूल रोड, प्रेम नगर, रेलवे रोड, झज्जर रोड सहित सेक्टर एक दो आदि एरिया में कई फीट तक जलभराव हो गया। दिल्ली रोड पर बन रहे निर्माणाधीन पुल और सुखपुरा चौक पर बन रहे पुल का काम भी दोपहर बाद रोकना पड़ा। इस दौरान कई जगह पानी भरने की वजह से लोगों के वाहन बंद हो गए और उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बरसात की वजह से कई घंटे तक बाजारों में कामकाज प्रभावित रहा। वहीं शाम को नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा ने टीम के साथ कई एरिया का दौरा कर जल निकासी के प्रबंध करवाए। देर रात कई जगह से पानी का स्तर कम हो गया था। लेकिन लोगों ने प्रशासन पर सवाल उठाए कि पहली बरसात में यह हाल हुआ है तो मानसून में कहीं ज्यादा दिक्कतें न हो जाएं। इसलिए प्रशासन को सयम पर राहत कार्य करने चाहिए। सड़कों पर जलभराव होने के बाद शहर के कांग्रेस विधायक बीबी बतरा ने भी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

**किला रोड पर भरा पानी**



**निगमायुक्त निरीक्षण करते हुए**



**गोहाना रोड पर फंसी रोडवेज बस**




### कलानौर में 25 एमएम बरसात, लाखनमाजरा महम और सांपला ब्लॉक में बारिश नहीं हुई

कई दिन तक उमस भरे मौसम से शुक्रवार दोपहर बाद राहत मिली। रोहतक शहर में 58 और कलानौर खंड मुख्यालय पर 25 एमएम बरसात दर्ज की गई। जबकि महम, लाखनमाजरा और सांपला ब्लॉक में बारिश नहीं हुई। इस मौसम में पहली बार रोहतक खंड में एक बार में सबसे ज्यादा ज्यादा बरसात दर्ज की गई। धान की खेती करने वाले किसानों को अधिक फायदा हुआ है। किसान बारिश से खुश हैं। इन क्षेत्रों में जिन किसानों ने बाजरे की बुआई पहले की थी, उन्हें अब लाभ मिल रहा है। जिन किसानों ने बाजरे की फसल की बुआई बाद में की है उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कपास की स्थिति ठीक है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि जिन किसानों ने धान की रोपाई करनी है, वे यह कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लें। क्योंकि अब अगेती किस्मों की रोपाई का समय निकला जा रहा है। प्रदेश में 15 जून के बाद धान की रोपाई शुरू होती है। रोहतक जिले में इस बार 40 हजार हेक्टेयर में धान रोपाई का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है। गत वीरवार तक इसमें 20-22 हजार हेक्टेयर में रोपाई की जा चुकी है।

**स्कूटी बंद होने पर परेशान राहगीर**



**सुखपुरा चौक पर गड्ढे में गिरी कार**



### विधायक भारत भूषण बत्रा ने बोला हमला

## प्रशासन समय रहते प्रबंध करता तो शहर की आज यह दुर्दशा नहीं होती

- 15 करोड़ की लागत से हाउसिंग बोर्ड में लगा प्रोजेक्ट हुआ फेल
- विधायक ने मंत्री रणबीर गंगवा से की फोन पर बात

**रोहतक।** कांग्रेस विधायक भारत भूषण बतरा ने पहली ही बरसात के बाद जो हालात शहर की हुई है, उस पर सवाल खड़े किए हैं। बत्रा ने कहा रोहतक शहर में पहले ही बारिश ने सरकार और प्रशासन के सभी दावों की पोल खोल दी है। चुनाव से पहले हाउसिंग बोर्ड में 15 करोड़ की लागत से जिस प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया था, मोटर ना चलने की वजह से वह फेल हो गया। बरसात शुरू होते ही जिस तरह से व्यापारियों ,सामान्य नागरिकों, छात्रों को जबरदस्त परेशान होना पड़ा है, वह हम सब ने देखा है। विधायक भारत भूषण बत्रा ने कहा कि चुनाव से पहले हाउसिंग बोर्ड में 15 करोड़ की लागत से पानी की निकासी के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया था। स्थानीय नागरिकों और उनके प्रयासों के बाद यह प्रोजेक्ट अस्तित्व में आया था, सभी को उम्मीद थी कि इसके बाद वहां जल भराव की समस्या का समाधान हो जाएगा। आज हुई बारिश के दौरान वहां मोटर ना चलने की वजह से एक बार फिर वहां जल भराव हुआ लोगों के घरों में पानी भर गया। वरिष्ठ अधिवक्ता शिवलाल कत्याल जो इस मामले में कोर्ट तक गए उनके घर में भी पानी भर गया। यदि समय पर मोटर चलती तो लोगों को भारी नुकसान और असुविधा का सामना नहीं करना पड़ता। विधायक ने की मंत्री रणबीर गंगवा से फोन पर बात की।

### नागरिक खून पसीने की कमाई को अवैध कॉलोनियों में निवेश न करें

## कारौर व खेड़ी साध में 22 एकड़ में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





जिला प्रशासन द्वारा जिला के नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण-कॉलोनियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला के गांव करौर व खेड़ी साध में 22.22 एकड़ में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनी में 4 अस्थाई निर्माण, 5 चारदीवारी, 11 नींव, पक्का व कच्चा रोड नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। यह जानकारी उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा तथा जिला में अवैध कालोनी-निर्माण को पनपने नहीं दिया जाएगा। इस अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय तथा नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। उन्होंने कहा कि नागरिक अपने जीवन की जमा पूंजी को अवैध कालोनी-निर्माण में निवेश न करें। ऐसी कालोनियों व निर्माण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर/भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा है कि आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते है।

## नकली देसी घी की फैक्ट्री में काम करने वाले तीन कर्मी गिरफ्तार, फर्म मालिक फरार

- सैमाण चुंगी पर चलाई जा रही थी नकली देसी घी की फैक्ट्री
- 2400 लीटर देसी घी के अलग-अलग मार्क के गत्ते, एमआरपी टैग मशीन, पैकिंग सील मशीन, वेट मशीन व अन्य सामान बरामद किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सीएम फ्लाइंग ने 2 जुलाई को कस्बा महम में सैमाण चुंगी के पास स्थित एक मकान में चलाई जा रही नकली देसी घी की फैक्ट्री में छापेमारी की थी। इस दौरान फर्म मालिक वहां से फरार हो गया था और वहां पर तीन कर्मचारी काम करते हुए मिले थे। इन तीनों कर्मचारियों के खिलाफ महम थाने में केस दर्ज किया गया है और उनको गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि फर्म मालिक अभी भी फरार है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही फर्म मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। महम थाना एसएचओ उप निरीक्षक सुभाष कुमार ने बताया कि 2 जुलाई को को सूचना मिली थी की संजय पुत्र कृष्ण निवासी उजाला नगर द्वारा फर्म श्री बालाजी फुडस आईएनडी मे नकली देसी घी बनाया जा रहा है। सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग व पुलिस टीम ने संयुक्त रुप से सैमाण चुंगी महम मे स्थित श्री बालाजी फुडस फर्म पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मौके से कार्य कर रहे 3 युवक काबू किये। युवको की पहचान विपिन पुत्र छवारेलाल निवासी जसवंत नगर जिला इटावा उतर प्रदेश, अखिलेश पुत्र शैतान निवासी रायपहाडी जिला शिवपुरी मध्यप्रदेश व अर्जुन पुत्र सुदामा निवासी चंदुपुरा जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। युवक करीब 1 माह से कार्य कर रह है।

**की जा रही छापेमारी**

बरसाना देशी घी,एसबीएफ बरसाना डेयरी गाय घी, सांवरा डेयरी गाय का घी, देसी घी की अलग-2 मार्का के गता पैकिंग व फ्लेपर (कवर) वा देशी घी को तैयार करने वाली एक ब्लेंडर मशीन, एक एमआरपी टेग मशीन, दो टेटरा पैकिंग शील मशीन, एक घी भराई की मशीन, दो वेट मशीन बरामद हुये। बरामद हुये सामान को जब्त किया गया। थाना प्रभारी सुभाष ने कहा है कि फरार चल रहे फर्म मालिक को गिरफ्तार करने के लिये निंरतर छापेमारी की जा रही है जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

**मिलेगी सुविधा**

### कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने ईआरसीपी मशीन का उद्घाटन कर दी बड़ी सौगात

## प्रदेश में पहली बार किसी सरकारी अस्पताल में शुरू होगी ईआरसीपी

- मरीजों को ईआरसीपी करवाने के लिए अब महंगे प्राइवेट अस्पतालों या दिल्ली या अन्य शहरों में नहीं जाना पड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने शुक्रवार को प्रदेश वासियों को ईआरसीपी मशीन का उद्घाटन करके बहुत बडी सौगात दी है। उन्होंने शुक्रवार को रिबन काटकर इस सुविधा का शुभारंभ किया। इस सुविधा के शुरू होने पर प्रदेश के मरीजों को ईआरसीपी करवाने के लिए अब महंगे प्राइवेट अस्पतालों या दिल्ली नहीं जाना पडेगा। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि इस मशीन के शुरू होने से मरीजों को अब अपने पाचन तंत्र संबंधी समस्याओं का इलाज कराने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे प्रदेशवासियों को समय और धन दोनों की बचत होगी। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस मशीन के माध्यम से मरीजों को सटीक और त्वरित इलाज मिल सकेगा, जिससे उनकी सेहत में जल्दी सुधार होगा। डॉ. अग्रवाल ने इस मशीन को संस्थान में शुरुआत करवाने के लिए डॉ. तराना गुप्ता व डॉ. संदीप गोयल को बधाई दी। निदेशक डॉ.एसके सिंघल ने कहा कि संस्थान का यह प्रयास निसंदेह प्रदेश के स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। डॉ. सिंघल ने कहा कि ईआरसीपी (एंडोस्कोपिक रेट्रोग्रेड कोलेंजियोपैनक्रिएटोग्राफी) एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें डॉक्टर पित्त और पैंक्रियाज नलिकाओं में समस्याओं का निदान और उपचार करने के लिए एंडोस्कोपी और एक्स-रे का उपयोग करते हैं।

### नर्सिंग स्टाफ को एम्स से ट्रेनिंग दिलाई जा रही

सीनियर प्रोफेसर डॉ. तराना गुप्ता ने बताया कि उनके विभाग द्वारा वर्ष 2016 से 2024 तक करीब 18168 एंडोस्कोपी, 2132 कोलोनोस्कोपी व 376 पीडियाट्रिक एंडोस्कोपी की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि आज कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल व अन्य अधिकारियों ने इस करीब 60 लाख की मशीन का उद्घाटन करके पूरे प्रदेश से आने वाले मरीजों को बहुत बडी राहत प्रदान की है क्योंकि पहले मरीजों को यह सुविधा प्रदेश में किसी भी सरकारी अस्पताल में नहीं होने के चलते 30 से 40 हजार रुपए तक देकर बड़े प्राइवेट अस्पतालों में ईआरसीपी करवानी पडती थी और अब यहां उन्हें यह सुविधा निशुल्क उपलब्ध होगी। डॉ. तराना गुप्ता ने बताया कि कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने अपने कार्यकाल में बहुत कम समय में यह सुविधा उपलब्ध कराई है। उन्होंने बताया कि इस मशीन के लिए नर्सिंग स्टाफ को विशेष तौर पर एम्स से ट्रेनिंग दिलाई जा रही है।

### इन बीमारियों की जांच में मिलेगी मदद

प्रोफेसर डॉ. संदीप गोयल ने बताया कि जिन मरीजों को पित्त की नली में पथरी, पित्त की नली का कैंसर, पैंक्रियाज ग्रंथि का कैंसर की वजह से पीलिया होगा उनका इस ईआरसीपी मशीन से इलाज किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों की वजह से मरीजों को बहुत ज्यादा पीलिया हो सकता है और कुछ केस में तो मरीज की जान भी जा सकती है।

### पित्त की नली की पथरी के लिए अब आपरेशन नहीं

डॉ. संदीप गोयल ने कहा कि पहले पित्त की नली की पथरी निकालने के लिए मरीज का ऑपरेशन करना पड़ता था, जिसके बाद मरीज को 3 से 5 दिन तक अस्पताल में भर्ती रहना पडता था अब इस मशीन से मरीज शाम तक अपना उपचार कराकर घर जा सकता है। डॉ. संदीप ने बताया कि पेंक्रियाज ग्रंथी व पित्त की नली कैंसर के मरीज में इससे स्टंट डाला जा सकेगा। उन्होंने बताया कि स्टेट बैंक आफ इंडिया की मेडिकल शाखा द्वारा इस मशीन के लिए ओटी टेबल भेंट की गई है।

## शराब ठेके पर हुए ट्रिपल मर्डर का आरोपी गिरफ्तार

- 20 सितंबर 2024 को सोनीपत रोड पर बलियाणा मोड़ के पास स्थित शराब ठेके पर हुई थी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पुलिस ने सोनीपत रोड बलियाना मोड़ पर स्थित शराब ठेके पर हुए ट्रिपल मर्डल की वारदात में 5 हजार रुपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया और पुलिस रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि 20 सितंबर 2024 को पुलिस को सूचना मिली थी कि सोनीपत रोड पर बलियाणा मोड़ के पास स्थित शराब ठेके पर गोली चली है। गोली लगने से घायल हुए पांच युवकों को ईलाज के पीजीआईएमएस भर्ती करवाया गया। पुलिस टीम ने तुंरत मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की। डॉक्टरों की टीम द्वारा तीन युवकों को मृत घोषित किया गया। मृत युवकों की पहचान जयदीप निवासी बोहर, विनय निवासी बोहर व ठेकेदार अमित उर्फ मोनू निवासी बोहर के रुप में हुई। सेल्समैन अनुज की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके आईएमटी में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि अमित उर्फ मोनू ने सोनीपत रोड पर बलियाणा मोड़ के पास शराब का ठेका लिया हुआ है। अनुज, अमित उर्फ मोनू के शराब के ठेके पर करीब 5 साल से सैल्समैन का काम करता है।

# कैंसर मरीजों के लिए लगाया शिविर, 80 से ज्यादा युवाओं ने किया रक्तदान

- जय भारत सेवा फाउंडेशन और जय हिन्द ग्रुप ने किया शिविर का आयोजन
- समाज सेवा का दायरा बढ़ाएगा हमारा ग्रुप : डॉ. विप्लव वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



जय भारत सेवा फाउंडेशन और जय हिन्द ग्रुप द्वारा शुक्रवार को पहले रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। हुडा कॉम्प्लेक्स स्थित नीओ पीडिया डॉ. विजय वर्मा किड्स केयर अस्पताल में यह शिविर एम्स बढ़सा कैंसर संस्थान के मरीजों के लिए समर्पित रहा। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह, पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य एवं विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, रोहतक रेंज के आईजी वाई पूरन कुमार और विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र व रोहतक के एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने किया। शिविर में सभी अतिथियों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर हौसला बढ़ाया और सर्टिफिकेट भेंट किए। शिविर में 80 से ज्यादा युवाओं ने कैंसर के मरीजों के लिए रक्तदान किया। इस मौके पर जय भारत सेवा फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ. विप्लव वर्मा, जय हिन्द ग्रुप के संस्थापक लेफ्टिनेंट आलोक कुमार, डॉ. विजय वर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पहुला वर्मा, कुसुम वर्मा, एनएसजी राज श्योराण, रवि मलिक, अनिल खत्री, निपुण जैन, आर्यन मलिक एवं विकास राठी मौजूद रहे।

### सराहनीय प्रयास, आगे आएं युवाः डीसी

जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि फाउंडेशन और जय हिन्द ग्रुप का यह प्रयास सराहनीय है। विशेषकर यह पहल कैंसर के मरीजों के लिए की गई है, इसलिए इस रक्तदान शिविर का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। अन्य संस्थाओं को भी ऐसे समाज सेवा के कार्यों के लिए आगे आना चाहिए।

### दोनों ग्रुप समाज सेवा में जुटेः एसडीएम

एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने कहा कि ऐसे शिविर लगाकर जय भारत सेवा फाउंडेशन और जय ग्रुप ने जो मुहिम शुरू की है वो रुकनी नहीं चाहिए। दोनों ही ग्रुप समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार काम कर रहे हैं और सेवा का यह दायरा बढ़ता ही जा रहा है।

### रक्तदान शिविर की पहल सभी के लिए प्रेरणाः वाई पूरन कुमार

शिविर के दौरान आईजी रोहतक रेंज वाई पूरन कुमार ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। जय भारत सेवा फाउंडेशन और जय हिन्द ग्रुप ने जो पहल की है वह सभी के लिए प्रेरणा है। कैंसर के मरीज हो या हीमोफीलिया जैसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त मरीज या गर्भवती महिलाएं सभी को रक्त की जरूरत होती है।

### रक्तदान से बड़ा पुण्य का कोई कार्य नहींः डॉ. रमेश चंद्र

सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं होता। जय भारत सेवा फाउंडेशन और जय हिन्द ग्रुप द्वारा लगाए गए शिविर में युवाओं ने बढ़ाकर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। ऐसे प्रयास होते रहने चाहिए। अस्पतालों में बहुत से मरीज ऐसे होते हैं जिन्हें रक्त की जरूरत होती है।



### देश और विदेशों में सीमावर्ती गांवों में टेलीमेडिशन की सेवाएं देगा ग्रुपः डॉ. विप्लव वर्मा

**रोहतक।** रक्तदान शिविर शिविर के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जय हिन्द ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. विप्लव वर्मा ने बताया कि जय हिन्द ग्रुप और जय भारत सेवा फाउंडेशन द्वारा ऐसी जगहों पर चिकित्सा के क्षेत्र में सेवाएं देने के प्रयास किए जा रहे हैं जहां या तो डॉक्टर कम हैं या दवाएं ज्यादा महंगी हैं। देश और विदेशों के सीमावर्ती गांवों में ग्रुप टेलीमेडिशन की सुविधा देगा। इसके लिए वहां के डॉक्टर से सहयोग लिया जाएगा और दवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस बारे में पूरी कार्य योजना तैयार की जा चुकी है और विदेशों से भी समाज सेवी संस्थाओं से संपर्क किया जा चुका है। इस मौके पर अनिल खत्री ने बताया कि जय भारत सेवा फाउंडेशन और जय हिन्द ग्रुप चिकित्सा क्षेत्र के साथ साथ अन्य तरह के समाज सेवा के काम भी शुरू करेगा। लेफ्टिनेंट आलोक कुमार ने बताया कि हमारा उद्देश्य सिर्फ समाज सेवा और देश सेवा है। ग्रुप समाज सेवा के क्षेत्र में अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

# एसआरएस स्कूल में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह




हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

एसआरएस स्कूल में 2 हरियाणा कन्या वाहिनी एनसीसी द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 148 में समापन की ओर बढ़ते हुए 4 जुलाई को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुमित शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। 10 दिवसीय शिविर में प्रशिक्षण के साथ अनेक प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें सर्वोत्म प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को प्रधानाचार्य के करकमलों द्वारा ट्रॉफी और मेडल से पुरस्कृत किया गया। सामूहिक गायन प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय रसूलपुर एवं ड्रिल में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखड़ा की टीम विजई रही। वहीं सीनियर विंग में सामूहिक गायन प्रतियोगिता में राजकीय कन्या महाविद्यालय गुरुग्राम प्रथम स्थान पर रहा। सामूहिक नृत्य और ड्रिल दोनों में राजकीय महिला स्नातकोत्तरीय महाविद्यालय रोहतक प्रथम स्थान पर विजयी रहा। स्पर्धाओं में कैडेट ने सर्वोत्म प्रदर्शन के लिए विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कैंप कमांडेंट कर्नल अमित मैथ्यू के द्वारा सभी विजेताओं को बधाई देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रधानाचार्य सुमित शर्मा ने भी सभी कैडेट व स्टाफ सदस्य को सफल शिविर आयोजित करने के लिए बधाई दी एवं निष्ठा और देशभक्ति के साथ राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया।

## तीन दिन से लापता था युवक, गांव के लोगों पर लगाया परिवार ने हत्या का आरोप

# इस्माईला में युवक की हत्या कर शव चुलियाणा के पास खेत में दबाया

परिजनों के रोष के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने जांच के दौरान हत्या का राज खोला। पुलिस ने देर शाम शव को चुलियाणा मोड़ पास मिट्टी में दबे शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई रोहतक भेज दिया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सांपला

कस्बे के गांव इस्माईला में दोस्तों ने अपने साथी की हत्या कर उसका शव करीब पांच किलोमीटर दूर चुलियाणा के खेतों में दबा दिया। परिजनों के रोष के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने जांच के दौरान हत्या का राज खोला। पुलिस ने देर शाम शव को चुलियाणा मोड़ पास मिट्टी में दबे शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई रोहतक भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले इस्माईला 9 बी में एक परिवार में जन्म दिवस का कार्यक्रम किया गया था। 23 वर्षीय गोपी भी उसमें शामिल था। आधी रात तक खाना व भजन चलते रहे। वह अपने साथियों के साथ कार्यक्रम में शामिल रहा। लेकिन वह सुबह तक घर नहीं पहुंचा।

परिवार के लोगों ने तलाश किया तो कहीं सुराग नहीं लगा। जब लोगों ने देखा कि उसके साथी गायब है तो वह सांपला थाना पहुंचे। गोपी के गायब होने की बात कही। आरोप है कि पुलिस ने उन्हें अपने लेवल पर तलाश करने की बात कही।

### ग्रामीणों ने रोष जताया तो पुलिस हुई सक्रिय

जब परिवार के लोगों ने पुलिस में बेटे के गायब होने की शिकायत की तो उनकी सुनवाई नहीं हुई। 10 बजे ग्रामीण इक्कठे होकर फिर सांपला थाना पहुंचे और पुलिस के प्रति रोष प्रकट किया। तभी पुलिस हरकत में आई। परिजनों द्वारा गांव के जिन युवाओं पर अपहरण कर हत्या का शक जताया उन्हें पकड़ने के लिए गांव में छापेमारी की गई। पुलिस ने तीन युवकों को पकड़ कर पूछताछ की तो गोपी की हत्या करने का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि उन्हें हत्या कर शव को चुलियाणा के पास जमीन में दबा रखा है। पुलिस एक आरोपी को घटनास्थल पर लेकर पहुंची। तब ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को मिट्टी से बहार निकाला। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई रोहतक भेज दिया गया।

### परिवार ने लगाया हत्या का आरोप

परिवार ने हत्या का आरोप गांव के कई युवकों पर लगाया गया है। बताया जा रहा है कि 2 मई को चौकीदार राजेश ने अपने पौते के जन्म दिवस पर कार्यक्रम किया हुआ था। रात 3 बजे युवक गोपी को गाड़ी में बैठा कर ले गए और हत्या कर शव चुलियाणा के खाली खेतों में दबा दिया। एक युवक पर आरोप है की शव को दबाने के लिए कस्सी देने गया था। गोपी और अजय दो भाई थे। गोपी अविवाति था और पिता की पहले मौत हो चुकी है। पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

# सड़क पर यातायात नियमों की अनुपालना करें सुनिश्चितः सीजेएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरपर्सन नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने नया बस स्टैंड के चालक प्रशिक्षण केंद्र में रोड रूल्स लाइफ टूल्स कैंपेन के तहत एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में परिवहन महाप्रबंधक विपिन कुमार, सुपरवाइजर हंसराज व ट्रैफिक विभाग से एएसआई राजेश उपस्थित रहे।

डॉ. तरन्नुम खान ने रोडवेज विभाग में वर्षों से कार्यरत ड्राइवर जिनके ऊपर आज तक एक भी रूल तोड़ने का केस नहीं है उनको सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और कहा कि आप भी इसी तरह भविष्य में पूरे नियम व कानून के साथ रोड पर यातायात के नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि इस पूरे माह में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रोहतक द्वारा इस कैंपेन को सुचारू रूप से चलाया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग तरीके से लोगों को जागरूक किया जाएगा। डोर टू डोर कैंपेन चलाए जाएंगे। शांति रैली निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी नागरिक को कोई भी परेशानी आती है तो 15100 नालसा हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन स्थानीय कोर्ट परिसर में किया जाएगा, जिसमें आप अपने लंबित मुकदमों को रखकर सुलभ जल्द न्याय प्राप्त कर सकते हैं। कार्यशाला में राजेश एएसआई ने रोडवेज विभाग में कार्यरत ड्राइवर को रोड रूल्स लाइफ टूल्स कैंपेन के तहत जागरूक किया और बताया कि अगर आप बिना लाइसेंस के व नशा करके रोड पर वाहन चलते हैं तो आपका विभिन्न धाराओं में चालान कटता है। उन्होंने यह भी बताया कि अपने जीवन और दूसरे व्यक्ति के जीवन को सुरक्षित रखने के लिए हमें हेलमेट व सीट बेल्ट का इस्तेमाल करना चाहिए तथा वाहन को नियंत्रित गति में चलना चाहिए।




### ले. कुलदीप सिंह राठी की पुण्यतिथि पर किया स्मृति यज्ञ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल के एलुमनी शहीद ले. कुलदीप सिंह राठी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को मानसरोवर पार्क में स्मृति यज्ञ का आयोजन किया गया। मदवि के छात्र कल्याण निरीक्षक डॉ. प्रताप राठी के अनुज ले. कुलदीप सिंह राठी वर्ष 2001 में जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे। शहीद कुलदीप सिंह राठी के भाई डॉ. प्रताप सिंह राठी तथा अन्य परिजन समेत मदवि के कर्मी तथा रोहतक के गणमान्य नागरिक इस स्मृति यज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुए। डॉ. प्रताप राठी ने इस अवसर पर कहा कि युवाओं को शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए अपना योगदान देने के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्टजनों ने भी शहीदों को युवा पीढ़ी का प्रेरणास्त्रोत बताया और शहीद ले. कुलदीप सिंह राठी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बच्चों को दी डेंगू से बचाव की जानकारी

**सांपला।** स्वास्थ्य विभाग की टीम डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों के प्रति सरकारी और निजी स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाएगा। एसएमओ डाक्टर रीटा गोयल ने बताया कि बारिश का मौसम शुरू हो गया है ऐसे में कई बिमारियां जन्म लेती है। स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में पहुंचकर बच्चों और शिक्षकों को मच्छर जनित बीमारियों के कारणों, लक्षणों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करेंगे। इस अभियान के तहत शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग से विजय, सचिव, इंद्रव, अरुण की टीम ने आदर्श सिनियर सैकेंडरी स्कूल में बच्चों व शिक्षकों को मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान करने और उन्हें साफ रखने के उपायों पर ध्यान केंद्रित कराया। जिसमें कूलर, गमले, फ्रीज की ट्रे, छत पर पड़े पुराने टायर, मटके, डिब्बे, पानी की टंकी और पक्षियों के लिए रखे पानी के बर्तन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान बच्चों से इन प्रजनन स्थलों की जांच और सफाई के लिए फीडबैक भी लिया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी स्थान साफ हैं। स्कूल संचालक कृष्ण लाल ने भी बच्चों को इसके लिए प्रेरित किया।



**सांपला।** स्कूली बच्चों को जागरूक करते डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

# अनुबंधित कर्मचारियों ने किया महापंचायत का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

33वे दिन शुक्रवार को पीजीआईएमएस के अनुबंधित कर्मचारियों की एसोसिएशन द्वारा बुलाई गई महापंचायत का आयोजन मेडिकल मॉड पर ताऊ देवी लाल पार्क में किया गया। जिसमें रोहतक जिले की सभी खाप मुखिया, सभी गांवों के सरपंच, पंच ने भाग लिया और धरने पर बैठे अस्थाई कर्मचारियों की मांगों का जोरदार समर्थन किया। खाप पंचायत के मुखियाओं ने पीजीआई प्रशासन को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है अगर धरने पर बैठे कर्मचारियों की मांगे नहीं मानी तो सभी खाप पंचायत, सरपंच, पंच ओर रोहतक के सभी जन प्रतिनिधि अपने साथियों कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठेंगे।

## पीजीआई में अनुबंधित कर्मचारियों ने हड़ताली कर्मियों के खिलाफ उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पीजीआईएमएस में 48 अनुबंधित कर्मचारियों के खिलाफ हड़ताल पर ना बैठे अनुबंधित कर्मचारियों ने काले झंडे व काली पट्टी के साथ विरोध प्रदर्शन किया। महापंचायत के विरोध में पीजीआई में कार्य कर रहे अनुबंधित कर्मचारियों ने महापंचायत में शामिल न होने पर सभी खाप के प्रधानों तथा मंत्रियों व हरियाणा सरकार का धन्यवाद किया और उनके द्वारा की गई प्रार्थना की सुनवाई करने पर सभी का आभार व्यक्त किया।

विरोध प्रदर्शन रोहतक पीजीआई से चलकर मेडिकल मोड तक जाना था, लेकिन पुलिस की दखल के चलते यह रोहतक पीजीआई की ओपीडी तक ही चल पाया। सुरक्षा की दृष्टि से रोहतक पुलिस ने प्रदर्शन को ओपीडी चौक से ही मुड़ने की अपील की कि जिसके चलते सभी प्रदर्शनकारियों ने अपना प्रदर्शन मेडिकल से ओपीडी चौक तक किया।



**रोहतक।** प्रदर्शन करते अनुबंधित कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# एमडीयू ने प्रमोशन मामलों का मूल्यांकन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



शिक्षकों के कल्याण और अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने विश्वविद्यालय से संबद्ध सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के 112 शिक्षकों, जिनमें 37 प्रोफेसर, 10 एसोसिएट प्रोफेसर, और 65 असिस्टेंट प्रोफेसर शामिल हैं, के प्रमोशन मामलों का मूल्यांकन किया है। ये प्रमोशन करियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत दिसंबर 2024 तक के मामलों को कवर करते हैं। यह विश्वविद्यालय द्वारा एक बार में की गई अब तक की सबसे बड़ी संख्या में शिक्षकों के प्रमोशन का रिकॉर्ड है। स्क्रीनिंग-कम-इवैल्युएशन/सिलेक्शन कमेटी द्वारा की गई सिफारिशें अब अंतिम स्वीकृति के लिए हरियाणा उच्चतर शिक्षा निदेशक को भेजी जाएंगी। आवश्यक अनुमोदन प्राप्त होने के बाद, संबंधित संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को प्रमोशन की जानकारी औपचारिक रूप से दी जाएगी और प्रमोशन पत्र जारी किए जाएंगे।

प्रमोशन प्रक्रिया को और अधिक सुचारू और पारदर्शी बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने स्क्रीनिंग-कम-इवैल्युएशन/सिलेक्शन कमेटी और वरिष्ठ विश्वविद्यालय अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए घोषणा की कि एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (SOP) तैयार की जाएगी। इसके तहत शिक्षकों के प्रमोशन मामलों का मूल्यांकन हर वर्ष दो बार, 30 जून और 31 दिसंबर तक किया जाएगा। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी शिक्षक द्वारा आवेदन करने के तीन महीने के भीतर उसका मूल्यांकन पूरा कर लिया जाए। कुलपति ने कहा कि सभी लंबित प्रमोशन मामलों का जल्द से जल्द निपटारा किया जाएगा। प्रो. सिंह ने जोर देते हुए कहा कि यह पहल एमडीयू की शिक्षकों के सतत विकास और अकादमिक मानकों को बनाए रखने के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो राज्य में उच्च शिक्षा के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. हरीश कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत, डायरेक्टर आईक्यूएसी प्रो. बी. नरसिम्हन, डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो. विनीता हुड्डा, एसोसिएट डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो. सुमित गिल, प्रो. सुधीर कुमार, डॉ. नरसिंह चौहान, डॉ सज्जन, डॉ महेंद्र, डॉ कपिल कुमार, डॉ नवीन कुमार तथा विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सीवर ओवरफ्लो से महामारी फैलने का डरः निम्बड़िया

**रोहतक।** मानसून की शुरूआत से पहले सीवरों की साफ-सफाई होनी चाहिए अन्यथा गंदा पानी सड़कों व गलियों में फैलने से बिमारी महामारी का रूप धारण कर लेगी। यह बयान कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अड़ीचन्द निम्बड़िया ने जारी किया। बाढ़ ग्रस्त एरियों में पुक्ता इन्तजाम होना जरूरी है। अन्यथा लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विभागीय एवम् प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया जा रहा है कि उपरोक्त दिक्कतों को शीघ्र अति शीघ्र दूर करे। अम्बेड़कर कॉलोनी के साथ लगने वाला कन्हेली रोड के दोनों ओर गंदगी के ढ़ेर लगे हैं जिनसे लोगों को बीमारी का सामना करना पड़ रहा है।

### राजनीतिक प्रतिनिधियों से की मुलाकात

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह भारत निर्वाचन आयोग ने बुधवार को दिल्ली स्थित निर्वाचन सदन में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी के साथ आयोग ने दलों के प्रतिनिधियों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं, मुद्दों और प्रश्नों को सुना और उनके लिए बिहार में सुव्यवस्थित ढंग से चल रही संपूर्ण विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक व्याख्या की। इस चर्चा में राजनीतिक दल इंडियन नेशनल कॉंग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, द्रविड़ मुन्नेत्र कडग़म, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार, झारखंड मुक्ति मोर्चा आदि पार्टियों के प्रतिनिधि रहे।

### जेजेपी ने तेज किया पार्टी सदस्यता अभियान

**रोहतक।** जननायक जनता पार्टी कार्यालय में शहर की पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर मीटिंग की गई। मिटिंग की अध्यक्षता शहरी प्रधान राजेश गुलिया द्वारा की गई। मुख्यातिथि के तौर पर जिलाध्यक्ष संदीप हुड्डा भी उपस्थिति रहे। जिलाध्यक्ष रोहतक संदीप हुड्डा ने सदस्यता अभियान के बारे शहर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से जानकारी ली। उन्होंने सभी पदाधिकारियों की एंव कार्यकर्ताओं की डयूटी लगाई, जिससे सदस्यता अभियान को शहर मे मजबूती से किया जाए।

### महिलाओं को वितरित किए सब्जियों के बीज

बहादुरगढ़। सूर्या फाउंडेशन ने शुक्रवार को पोषण वाटिका अभियान के तहत सोलधा गांव में बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को अपने घरों में पोषण से भरपूर सब्जियों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में गांव में संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उच्च गुणवत्ता वाले घीया, भिंडी, तोरई, मिर्च, पालक, धनियां, ग्वारफली, मेथी, चौलाई, बींस आदि सब्जी के बीज का किट वितरित किया गया। इन बीजों को राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड दिल्ली द्वारा तैयार किया गया है। वक्ताओं ने कहा कि इस मुहिम से लोगों में घर पर सब्जी उगाने की आदत बढ़ेगी। ताजी और स्वस्थ सब्जियों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त ने ली अफसरों की बैठक

# अधिकारी समाधान शिविर की लंबित शिकायतों का शीघ्र करें निपटाराः डीसी

नागरिक वर्षा ऋतु के दृष्टिगत जलजनित बीमारियों के प्रति सतर्क रहे तथा हिदायतों का पालन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। समाधान शिविर में फरियादियों की शिकायतों का निरीक्षण करते डीसी धर्मेंद्र सिंह। फोटोः हरिभूमि

समाधान शिविर की लंबित शिकायतों का संबंधित अधिकारी शीघ्र उचित निपटारा करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों का तुरंत निपटारा किया जाना है। यह बात उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह लघु सचिवालय स्थित सभागार में हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को कही। शुक्रवार को हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों व निपटाई गई शिकायतों की समीक्षा की जाती है। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि अधिकारी शिकायतों का निपटारा करते समय विशेष ध्यान रखें तथा सही निपटारा सुनिश्चित किया जाए ताकि शिकायतकर्ता भी संतुष्ट हो सके। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने सिंचाई विभाग, राजस्व, जनस्वास्थ्य विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, विकास एवं पंचायत व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता तरूण गर्ग, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रामेंद्र मलिक, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, भूजल विज्ञान अधिकारी दलबीर राणा, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुंदर, स्वास्थ्य विभाग के जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज मौजूद रहे।

#### स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी हिदायतों का करें पालन

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि नागरिक वर्षा ऋतु के दृष्टिगत जलजनित बीमारियों के प्रति सतर्क रहे तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसी बीमारियों से बचाव के लिए दी गई हिदायतों का पालन करें। उन्होंने कहा कि नागरिक हर सप्ताह एक ड्राई-डे मनाए तथा इस दिन अपने कूलर, फ्रिज, पशु के पानी पीने के होदी, बेकार पड़े टायरों इत्यादि को साफ करें ताकि इनमें ठहरे पानी में मच्छर का लारवा पैदा न हो। इस मौसम में होने वाली डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया इत्यादि बीमारियां मच्छर के काटने से होती है तथा मच्छर साफ ठहरे हुए पानी में पनपता है। अपने आसपास गड्ढों को भरवाएं और यदि ऐसा संभव न हो तो गड्ढों में भरे पानी पर लारवा नाशक दवाई इत्यादि डाले।




# बीएमयू में वीएलडीडी डिप्लोमा कोर्स शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय ने ग्रामीण और कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार और पशुधन विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वीएलडीडी (पशु चिकित्सा और पशुधन विकास डिप्लोमा) कोर्स की शुरुआत की है। यह दो वर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रम पशु चिकित्सा, पशुधन देखभाल और प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं पर केंद्रित है। इस महत्वपूर्ण पहल की जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा एवं कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने साझा की। उन्होंने बताया कि यह कोर्स उन छात्रों के लिए सुनहरा अवसर है, जो पशु चिकित्सा क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं और ग्रामीण विकास में योगदान देना चाहते हैं। डॉ. वर्मा ने बताया ने बताया कि वीएलडीडी कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को पशुओं की देखभाल, पोषण, रोग पहचान, उपचार, टीकाकरण और पशुधन प्रबंधन की गहन जानकारी दी जाएगी। इस कोर्स से न केवल छात्रों को व्यावसायिक अवसर मिलेंगे, बल्कि वे स्वयं का डेयरी फार्म, पोल्ट्री, बकरी पालन, डेयरी सहायक सेवाएं या पशु औषधालय जैसी सेवाएं भी शुरू कर सकते हैं।

इस कोर्स के दौरान छात्रों को पशुओं की देखभाल, दुग्ध उत्पादन, प्रजनन तकनीक, टीकाकरण, पशु औषधियों का प्रयोग आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कोर्स के बाद छात्रों को पशुधन सहायक, डेयरी फार्म मैनेजर, पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सरकारी व निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान होंगे।

#### जानकारी दी

डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रयोगशालाएं, पशु औषधि कक्ष, प्रशिक्षण केंद्र, अनुभवी फैकल्टी एवं क्षेत्रीय भ्रमण की सुविधाएं छात्रों को प्रदान की जाएंगी, ताकि उन्हें हर स्तर पर व्यावहारिक शिक्षा मिल सके।

# पानी को बचाना और पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखना जरूरीः रविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जल को बचाना और प्रदूषण मुक्त रखना आज के समय की बड़ी जरूरत है इसलिए सभी को मिलाकर इसमें अपनी भागीदारी निभानी चाहिए यह आह्वान सुनो नहरो की पुकार मिशन के वरिष्ठ सदस्य डॉक्टर रविंद्र नांदल ने विद्यार्थियों से किया। डॉ. नांदल इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट में जल बचाने पर विशेष व्याख्यान दे रहे थे। डॉ. नांदल और मिशन सदस्य ईश्वर सिंह का इंस्टिट्यूट पहुंचने पर प्राचार्य संजीब डे और स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया। डॉ. नांदल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के पानी को लेकर दिए गए विजन 2070 का उल्लेख करते हुए बताया कि उस समय तक लगभग जल संरचनाएं समाप्ति की ओर हो जाएगी। इसलिए इस बात पर गहराई से सोचते हुए हमें आज से ही पानी की बूंद बूंद बचाने को आगे आना होगा तभी हमारे आने वाली पीढियां जल के साथ अपना बेहतर जीवन जी पाएंगी। उन्होंने कहा कि हमें नहरों के पानी के बढ़ते प्रदूषण पर भी गहराई से चिंतन मनन करने और जन-जन को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने पानी बचाने के लिए मेहमान नवाजी की के तौर तरीकों को बदलने पर भी जोर दिया मिशन सदस्य ईश्वर सिंह दलाल ने विद्यार्थियों से कहा कि पहले हमारे पास जल के भरपूर संसाधन थे परंतु आज वह संसाधन खत्म होते जा रहे हैं इसलिए नहरों के जल को साफ रखने की सख्त जरूरत है। प्रिंसिपल संजीब डे ने कहा कि यहां पहुंचे विद्यार्थी पानी बचाने के लिए हमेशा अग्रणी भूमिका में रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रविंद्र नांदल ने सभी विद्यार्थियों को जल बचाने और उसे किसी प्रकार से प्रदूषित न करने की शपथ भी दिलवाई।

# पैरोल पर आए आरोपियों को चेक करने के दौरान पुलिस पार्टी पर किया जानलेवा हमला

- वारदात में शामिल तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रोहतक। पुलिस की गिरफ्त में हमले का आरोपी। फोटोः हरिभूमि

बहु अकबरपुर थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि 25 जून को थाना बहु अकबरपुर की टीम पैरोल पर आए आरोपियों की चेकिंग के दौरान गांव मोखरा खास आउटर बाइपास के पास मौजूद थी। आरोपी रोहित उर्फ राजा निवासी मोखरा खास के मकान के पास पुलिस टीम को दो गाड़ी बोलेरो व ब्रेजा खड़ी दिखाई। मकान से 4 युवक अचानक से मकान के बाहर आए और बाहर खड़ी दोनों गाड़ियों में सवार होकर भागने लगे। पुलिस टीम ने गाड़ी रुकवाने का प्रयास किया तो बोलेरो गाड़ी चालक ने जान से मारने की नीयत से गाड़ी पुलिस टीम पर चढ़ा दी। पुलिस टीम ने अपना बचाव किया व भाग रहे युवकों का गाड़ी से पीछा किया। पुलिस टीम ने तुंरत बोलेरो गाड़ी का पीछा किया। बोलेरो चालक ने तेज गति से गाड़ी को पुलिस टीम की गाड़ी की तरफ मोड़ दिया। पुलिस टीम ने अपनी गाड़ी का बचाव किया और बोलेरों गाड़ी बिजली के पोल से टकरा गई। बोलेरो गाड़ी में सवार दोनों युवक गाड़ी से उतरकर खेतों की तरफ भाग गए। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर दोनों युवकों को काबू किया गया। काबू किए गए युवकों की पहचान रोहित उर्फ राजा निवासी मोखरा खास व विक्की उर्फ गोलू निवासी नजदीक रविदास मंदिर सेक्टर-24 द्वारका दिल्ली के रुप में हुई। तलाशी के दौरान रोहित से 10 रौंद व विक्की के पास से एक पिस्टल व 7 रौंद बरामद हुए। आरोपी रोहित 16 जून को पैरोल पर जेल से बाहर आया था। आरोपियों को काबू कर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

#### दोनों आरोपियों को 5 दिन के रिमांड पर

दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। आरोपियों से गहनता से पूछताछ की गई। जांच के दौरान 3 जुलाई को पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए आरोपी सोहित उर्फ रैंचो निवासी मोखरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके तीन दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ जिला रोहतक में 3 व जिला भिवानी में 1 मामला दर्ज है।

# आयुक्त ने नागरिक सुविधा केन्द्र का किया औचक निरीक्षण, सम्पत्ति कर भरने को लगेंगे काउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


**रोहतक।** निगम का निरीक्षण करते हुए निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा।

नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को नागरिक सुविधा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निर्देश दिए गए कि सरकार द्वारा वर्तमान वित्तवर्ष (2025-2026) के सम्पत्तिकर पर सरकार द्वारा दिनांक 31 जुलाई 2025 तक 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, अधिक से अधिक करदाताओ को छूट का लाभ देने के लिए सम्पत्तिकर जमा करने के लिए कार्यालय में दो अतिरिक्त काउंटर चालू किए जाएंगें। इसके अतिरिक्त नगर निगम कार्यालय में जल्द ही टोकन सिस्टम चालू किया जाएगा, जिसकी स्क्रीन व मशीन लगाई जा चुकी है। अधिकारियों को कार्यालय में टोकन प्रणाली जल्द से जल्द चालू करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की दिक्कतें नहीं आनी चाहिए।

उनकी समस्याओं का समय पर समाधान होना चाहिए। जो कर्मचारी सही ढंग से काम नहीं करेंगे, उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। निगम आयुक्त ने लोगों से अपील की है कि हरियाणा सरकार द्वारा सम्पत्तिकर पर दिनांक 31 जुलाई 2025 तक दी जा रही 10 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाये व अपने सम्पत्तिकर का समय पर भुगतान कर, शहर को विकास की और गति देने में अपना सहयोग दें।

### सरकार के कारण अपराधों में नॉन स्टॉप म्हारा हरियाणाःअमन वशिष्ठ

**रोहतक।** हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमन वशिष्ठ ने कहा कि हरियाणा प्रदेश



में भाजपा सरकार की नाकामियों के कारण म्हारा हरियाणा अपराधों में नॉन-स्टॉप बन चुका है, उन्होंने बताया कि शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता है जब प्रदेश में हत्याएं, बलात्कार, लूट या फिर डकैती जैसी अपराधिक घटनाएं घटित न हों, उन्होंने बताया कि पिछले दिनों किस तरह जींद में ठेकेदार को दिनदहाड़े गोलियों से भून दिया, हरियाणा रोडवेज की चलती बस के सामने एक बदमाश बेखौफ होकर पिस्तौल लहरा रहा था, रोहतक में भी व्यापारी से फिरौती की मांगी थी, वहीं सोशल मीडिया पर वे अपने अपराधों की जिम्मेवारी ले रहे हैं उन्होंने बताया कि जब कोई अपराधिक घटना घटित होती है।

### पप्पू बेकरी रोड पर सोलर लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग

**रोहतक।** डीएलएफ सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान मनमोहन कथूरिया ने नगर निगम आयुक्त को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने पप्पू बेकरी रोड पर सोलर लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। उनका उद्देश्य डीएलएफ के निवासियों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना है। मनमोहन कथूरिया ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि पप्पू बेकरी रोड पर सोलर लाइट और सीसीटीवी कैमरे न होने के कारण निवासियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं की अनुपलब्धता के कारण क्षेत्र में असुरक्षा की भावना बढ़ सकती है और अपराध की घटनाएं भी बढ़ सकती हैं। पत्र में नगर निगम आयुक्त से अनुरोध किया है कि वे इस मामले में तुरंत कार्रवाई करें और पप्पू बेकरी रोड पर सोलर लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगवाएं।

पेशाब
की समस्याओं का स्थाई इलाज



- बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
- पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
- गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
- गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।

डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षो का अनुभव

परामर्श निःशुल्क
(Free OPD)

समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा

कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें:
85709-15000

अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Gali No. 3,
Rishi Nagar, Hisar

### टीचर वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से स्मृतिचिन्ह भेंट कर किया गया सम्मानित

# सेवानिवृत्त डीन डा. कुलदीप लालर व डा. निर्मला को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- भावुक स्वर में डॉ. निर्मला दूहन ने कहा अपने सहयोगियों व मरीजों से मिले प्यार को कभी नहीं भूला पाएंगी


**रोहतक।** निगम का निरीक्षण करते हुए निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा।

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के लेक्चर थियेटर वन में शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए पूर्व डीन डॉ. कुलदीप लालर व डॉ. निर्मला दूहन को टीचर वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से विदाई पार्टी दी गई। डीन डॉ. अशोक चौहान ने टीचर वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से कुलदीप लालर व डॉ. निर्मला दूहन को स्मृति चिन्ह भेंट किया। मंच का संचालन डॉ. सुधीर अत्री ने किया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डीन डॉ. अशोक चौहान ने कहा कि वें दोनों चिकित्सकों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में नौकरी करने के चलते कर्मचारी परिवार को बहुत कम समय दे पाए होंगे, ऐसे में सेवानिवृत्ति के बाद परिवार के साथ ज्यादा समय व्यतीत कर सकते हैं। डॉ. अशोक चौहान ने कहा कि इंसान के बदले दूसरा इंसान जगह ले सकता है लेकिन अनुभव की कोई रिपलेसमेंट नहीं होती। अनुभव बहुत बडी चीज होती है। डॉ. चौहान ने कहा कि चिकित्सा जगत में काफी चुनौतियां आती हैं, ऐसे में अनुभव आपके काफी काम आता है। डीन छात्र कल्याण डॉ एमजी वशिष्ठ ने कहा कि संस्थान सेवानिवृत हुए चिकित्सकों के साथ हमेशा खड़ा है, उन्हें कभी भी कोई परेशानी आती है तो वें उनसे निसंकोच आकर मिल सकते हैं। डॉ. वशिष्ठ ने कहा कि दोनों ही चिकित्सक बहुत ही विनम्र स्वभाव के हैं और जमीन से जुड़े हुए है और इन्होंने संपूर्ण जीवन मरीजों की सेवा में लगाया है। उन्होंने दोनों चिकित्सकों के लिए भगवान से उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। डॉ. कुलदीप लालर ने कहा कि वें आज काफी संतुष्ट हैं क्योंकि उन्होंने मरीजों की सेवा करने का जो बीड़ा उठाया था, वें उसमें कामयाब हुए और उनके विभाग में कैथ लैब के साथ डीएम और डीएनबी शुरू हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि वें अपने परिजनों के संस्कार और साहस से आज इस मुकाम तक पहुंचे थे। डॉ. लालर ने कहा कि डॉ. सुशीला हमेशा एक स्तंभ की तरह उनके साथ खड़ी रही और उनका हौसला बढाया। डॉ. निर्मला दूहन ने कहा कि वें 17 वर्ष की उम्र में संस्थान में आई थीं और उसके बाद से यहां मरीजों की सेवा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यहां अपने सहयोगियों व मरीजों से मिले प्यार को कभी नहीं भूला पाएंगी। डॉ. पुष्पा दहिया ने बताया कि डॉ. निर्मला दूहन ने वर्ष 1985 में एमबीबीएस में संस्थान में दाखिला लिया था और वर्ष 2023 में सीनियर प्रो. और यूनिट हेड बनीं और आज ऐच्छिक सेवानिवृत्त हो रही हैं। डॉ. अश्विनी ने डॉ. लालर के जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ. सुधीर अत्री ने कहा कि दोनों ही चिकित्सकों ने बड़ी ही लग्न, मेहनत और निष्ठा से नौकरी की है। डॉ. अजय श्योराण ने कहा कि दोनों चिकित्सकों ने एक बहुत अच्छे साथी की तरह उनके साथ कार्य किया है। इस अवसर पर सैकड़ों चिकित्सक उपस्थित रहे।

# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

Great MONSOON Sale
DISCOUNT UP TO 80%

05 JULY TO 11 JULY

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1 KG SUGAR FREE
OR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1LTR FREE
UPTO 80% OFF OFF
*T & C APPLY

ROHTAK
SAMPLA

## WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज्यादा।

- O'CEAN FRUIT DRINK — MRP ₹60 — FREE — BUY 1 GET 4
- FRESCA — FREE — BUY 1 GET 3
- BUDWEISER NON ALCOHOLIC BEER — FREE — BUY 1 GET 2
- HURRICANE ENERGY DRINK — FREE — BUY 1 GET 2
- TENDER COCONUT WATER — FREE — BUY 1 GET 2
- CLEAR WATER — FREE — BUY 1 GET 2
- STORIA COCONUT WATER — FREE — BUY 1 GET 1
- Vadilal — UPTO 56 % OFF ON MRP
- PATANJALI SHARBAT — FREE — BUY 1 GET 1
- HAMDARD ROOHAFZA — MRP ₹180 — @ JUST 155
- FIR 4 DIET SHARBAT — FREE — BUY 1 GET 1
- YUVAUD SHARBAT — FREE — BUY 1 GET 1
- FRESCA CLUB SODA — FREE — BUY 1 GET 1
- DEL MONTE MIX FRUIT DRINK — FREE — BUY 1 GET 1
- COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA — @ JUST 74
- REAL COCONUT WATER — FREE — BUY 1 GET 1
- Arshirvaad atta 10kg — ₹495 — OUR PRICE ₹435
- SAFE HARVEST ATTA 5 KG — 50% OFF ON MRP
- TATA TEA PREMIUM 1KG — ₹580 — OUR PRICE ₹365
- DAAWAT ROZANA GOLD 5 KG — ₹600 — OUR PRICE ₹399
- INDIA GATE FEAST ROZANA 5 KG — ₹585 — OUR PRICE ₹428
- HALDIRAM'S ALL RANGE — 12.5% OFF ON MRP
- ORION Choco Pie — BUY 1 GET 1 FREE
- CATCH DRINK 1.25L — BUY 1 GET 1 FREE
- NILON'S PICKLE 1KG — 50% OFF ON MRP
- TOPS PICKLE 1KG (SELECTED VARIANTS) — 50% OFF ON MRP
- SATMOLA NAMKEEN — BUY 1 GET 1 FREE
- CATCH SPICES — 25% OFF ON MRP
- LOOSE PASTA MACARONI 1 KG — OUR PRICE ₹60
- PRO NATURE — 20% OFF ON MRP
- Del Monte Dates 500 gram — BUY 1 GET 1 FREE
- PRAAKRITIK ALL PRODUCTS — 20% OFF ON MRP

### WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY

- CHANA DAAL 1KG — OUR PRICE ₹79
- MOONG DHULI 1KG — OUR PRICE ₹115
- KALA CHANA 1KG — OUR PRICE ₹76
- MALKA LAL DAAL 1KG — OUR PRICE ₹84
- BADAM 1KG — OUR PRICE ₹885
- KISMISH 1KG — OUR PRICE ₹449
- PATANJALI SALT — BUY 1 GET 1 FREE
- VRINDAWAN MAKHANA — ₹400 — OUR PRICE ₹325
- TREEVEDA VERMICELLI, PASTA, MACRONI (SELECTED VARIANTS) — BUY 1 GET 1 FREE
- PRABHAS GHEE 1 LTR — FREE! — BUY 1 GET 1 FREE
- GM POHA 500 GM — BUY 1 GET 1 FREE
- BAIL KOLHU 1LTR — MRP ₹189 — OUR PRICE ₹162
- FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR — MRP ₹190 — OUR PRICE ₹165
- MILK FOOD GHEE 1 LTR — MRP ₹580 — OUR PRICE ₹505
- AMUL PURE GHEE 1 LTR — MRP ₹650 — OUR PRICE ₹575
- Ariel Complete Detergent 4KG — BUY 1 GET 1 FREE
- SURF EXCEL MATIC POWDER TOP LOAD 6KG — ₹1049
- SURF EXCEL MATIC POWDER FRONT LOAD 6KG — ₹1249
- Giffy Liquid Dish Wash Gel 2L — 25% OFF
- TIDE JASMINE & ROSE 9 kg — ₹749
- WIPRO SAFE WASH 1LTR (WITHOUT OFFER) — BUY 1 GET 2 FREE
- TRISHUL PHENYLE 5 LTR — 50% OFF
- surf excel easy wash 7 kg — MRP ₹1030 — ₹685
- ARIEL MATIC TOP & FRONT LOAD 5LTR — 33% OFF
- ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L TOP LOAD — MRP ₹1425 — ₹230 OFF
- ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L FRONT LOAD — MRP ₹1549 — ₹250 OFF
- HELIOS PRODUCTS SHOE CARE — 25% OFF
- GALA SELECTED — 20% OFF
- SOFTSENS BABY PRODUCTS — UPTO 35% OFF

**Rohtak Model Town**
**Address:** Elenta Mart, Near Apex Hospital, Model Town, Near Kailash Ashram, Rohtak.
**Contact:** +91-9350999480

**Rohtak** **Address:** Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak.
**Contact:** +91-8199999480

**Sampla** **Address:** Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
**Contact:** +91-8930062800

OPEN 7 DAYS A WEEK | 9AM TO 10PM . PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

**TERMS & CONDITION :**

*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME
*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart